## सार-समाचार

### फलोदी में निर्वाचन अधिकारी-एस.पी. ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

**फलोदी**, (निसं)। नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों के संबंध गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह ने नगरीय क्षेत्र फलौदी के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं, मतदान प्रक्रिया से संबंधित तैयारियों तथा मतदाताओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा मतदान प्रक्रिया के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर तैनात कार्मिकों को अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस जाप्ते की तैनाती, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। मतदान दिवस पर सुरक्षा के कडे इंतजाम किये गए है। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान करने का समय प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा। सभी मतदाता नियम समय में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। नगरीय निकाय चुनाव में मतदाताओं को बेहतर एवं सुविधाजनक मतदान वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से फलौदी क्षेत्र में दो तथा बाप में एक मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। फलोदी में राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय एसएमबी तथा पंचायत समिति फलोदी को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तैयार किया गया है। वहीं बाप नगर पालिका को भी आदर्श मतदान केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा, स्वागत एवं सुगम मतदान प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आदर्श मतदान केंद्रों को आकर्षक एवं मतदाता अनुकूल स्वरूप प्रदान किया गया है, जिससे मतदान के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो और अधिकाधिक मतदाता उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

### नकबजनी का आरोपी जैसलमेर से पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। लूणी थाना पुलिस ने गोलिया मगरा गांव में एक वृद्ध महिला के घर हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया मंगलसूत्र, दो चांदी की छड़ों की जोड़ी और सोने की अंगूठी बरामद की है। पुलिस के अनुसार गोलिया मगरा निवासी 70 वर्षीय भंवर कंवर दो सितंबर को सुबह करीब 9 बजे घर से खेत में गाय चराने गई थीं। करीब 12 बजे वापस लौटने पर घर के दरवाजे और ताले टूटे मिले तथा सामान अस्त-व्यस्त था। सन्दूक में रखे मंगलसूत्र, चांदी की छड़ों की जोड़ी, सोने की अंगूठी सहित नकदी चोरी मिली। इस संबंध में चार सितंबर को लूणी थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों तथा मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की पहचान की गई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने आरोपी गोलिया मगरा, थाना लूणी निवासी पर्वतसिंह जिला जैसलमेर से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया मंगलसूत्र, दो चांदी की छड़ों की जोड़ी और एक सोने की अंगूठी बरामद की है। आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है तथा अनुसंधान जारी है।

### सुखदास थानवी का सम्मान किया

**फलोदी**, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक फलोदी के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोक दर्शन परिक्रमा यात्रा के संयोजक डॉ . सत्यनारायण कुमावत ( राजस्थान क्षेत्र सह संयोजक प्रज्ञाप्रवाह) , रिछपालसिंह राजस्थान क्षेत्र सामाजिक सद्भाव कार्य संयोजक, प्रचारक हितेश जोधपुर प्रांत विकास गतिविधि संयोजक , हीरालाल प्रचारक बीकानेर संभाग भारतीय किसान संघ संगठन मंत्री, रूपचंद , देवीसिंह ,यात्रा रथ सारथी, समिति संरक्षक श्यामसुंदर व्यास ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम में सिद्धू जी कल्ला की झांकी, मल्ला श्री, योग व्यायाम, काव्यपाठ , आदर्श विद्या मंदिर की बालिकाओं द्वारा नृत्य गीत की प्रस्तुति की गई। नगर कार्यवाह प्रेम शंकर, प्रभुसिंह, प्रमोद पालीवाल, मधुकर मोखा ने होली का कलंगी गीत गाकर कार्यक्रम को रोचक बना दिया । राजस्थान का गौरवगमय गान आओ जी पधारो म्हारे देश गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में प्रधानाचार्य व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। वरिष्ठ रम्मत कलाकार सुखदास थानवी का सम्मान किया गया। शांति मंत्र के साथ समापन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समिति के सदस्यों बालकृष्ण पालीवाल ,श्याम सुंदर , प्रमोद थानवी प्रेमलता थानवी, शशि, हस्तीमल सुथार कार्यक्रम का संचालन विद्यालय समिति के व्यवस्थापक विशंभर थानवी ने किया।

### कनिष्ठ अभियंता आशारामा निलंबित

**सायला**, (निसं) ।जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने कार्य में गंभीर लापरवाही और दस्तावेजों के सत्यापन में चूक बरतने पर सख्त रुख अपनाया है। डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक के आदेशानुसार सहायक अभियंता कार्यालय सायला में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता आशाराम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार निगम द्वारा जारी निलंबन आदेश संख्या 146 के अनुसार कनिष्ठ अभियंता आशाराम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई विचाराधीन है। आरोप है कि उन्होंने एलओए तथा संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन में भारी लापरवाही बरती। स्वीकृत 33/11 केवी जीएसएस चौराउ (1044893) के स्थान पर 33/11 केवी जीएसएस चौराउ लाटा का एस्टीमेट तैयार कर दिया गया। इसके चलते प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया गलत तरीके से आगे बढी। कार्य में इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए अनुशासनिक प्राधिकारी ने कनिष्ठ अभियंता आशाराम को निलंबित करने का निर्णय लिया। निलंबन अवधि के दौरान कनिष्ठ अभियंता आशाराम का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता जोधपुर डिस्कॉम, फलोदी कार्यालय रहेंगा।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**धोरीमन्ना**, (निसं)। पर्यावरण संरक्षण,अन्न के सम्मान और सामाजिक जागरूकता को लेकर कोशिश पर्यावरण सेवक टीम सांचौरी-मालाणी द्वारा गुरुवार को राणासर कला में जनजागरण अभियान चलाया गया। टीम के सह-प्रभारी व स्टेट अवार्डी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई ने बताया कि पर्यावरण सेवकों ने समारोह में शामिल लोगों को प्रकृति संरक्षण के साथ-साथ भोजन की जूठन रोकने और अन्न को व्यर्थ जाने से बचाने का संदेश दिया। समारोह स्थल पर टीम की ओर से विशेष पर्यावरण प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को पॉलिथीन एवं एकल-उपयोग प्लास्टिक व नशे से होने वाले नुकसान, पौधारोपण,जल संरक्षण,स्वच्छता,वन्यजीव संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। पर्यावरण सेवक धोलाराम कपासिया ने कहा कि पारंपरिक बर्तनों से जलसेवा करना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

### शत प्रतिशत मतदान करें : डॉ. गावंडे

**जालोर**, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने नगर पालिका भीनमाल एवं नगर पालिका सांचौर के मतदाताओं से शत् प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। उन्होंने अपील करते हुए बताया कि आगामी 11 सितम्बर को नगर पालिका भीनमाल एवं नगर पालिका सांचौर नगरीय निकाय के चुनाव होने जा रहे है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः नगर की सरकार बनाने में अपने मतदान का अवश्यक उपयोग करें। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रशासन द्वारा छाया, पानी की व्यवस्था के साथ बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था सहित आधारभूत सुविधाएं की गई है। उन्होंने शत् प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र में अपनी आस्था प्रकट करते हुए राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील की।

### जालोर से मतदान दल भीनमाल रवाना

**जालोर**, (कासं)। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए जिले की नगर पालिका भीनमाल एवं नगर पालिका सांचौर में मतदान करवाने के लिए मतदान दलों को संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा रवाना किया गया। मतदान दलों को ईवीएम, वीवी पैट मशीनें सहित आवश्यक सामग्री का वितरण कर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर निकाय आम चुनाव 2026 के अंतर्गत नगर पालिका भीनमाल व नगर पालिका सांचौर में द्वितीय चरण का मतदान शुक्रवार, 11 सितम्बर को होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा।

## अनियंत्रित होकर खेत में गिरी बाइकः शिक्षक की दर्दनाक मौत

**क्रानोड**, (निसं)। लूणदाकस्बे के पास इमली मोड पर गुरुवार दोपहर एक भयानक सड़क हादसे में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नाहरपुरा में पदस्थ युवा शिक्षक अशोक कुमार मीणा (30) की जान चली गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौटते समय हुआ हादसाजानकारी के अनुसार, दौसा जिले के कसेरा निवासी अशोक कुमार पुत्र अमर सिंह मीणा नाहरपुरा स्कूल में कार्यरत थे। उनसे मिलने आए उनके रिश्तेदार अंकित मीणा के साथ वे दोपहर करीब 2:30 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद बाइक से कानौड़ स्थित अपने आवास की ओर जा रहे थे। रास्ते में इमली मोड के समीप तेज गति होने के कारण मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में जा गिरी। बाइक सवार दोनों युवक दूर छिटककर पत्थरों से जा टकराए।

मौके पर ही तोड़ा दम, ठामीण पहुंचे मदद कोटक्कर इतनी भीषण थी कि सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण शिक्षक अशोक कुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के ठामीणों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों को कानौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया और घायल अंकित का इलाज शुरू किया।

थाना पुलिस ने संभाला मोर्चा, दो मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का सायाघटना की सूचना पर कानौड़ थाने से हेड कांस्टेबल पुष्कर मेघवाल पुलिस बल के साथ पहुंचे ।

# मंदिर मंडफिया का खुला भंडार - प्रथम चरण से 7 करोड़ 53 लाख नगद प्राप्त

## दूसरे चरण की गिनती 14 सितंबर सोमवार को



भंडार गिनती में उपस्थित मंदिर अध्यक्ष वैष्णव व पदाधिकारी एवं मंदिर कर्मचारी

**मंडफिया**, (निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार का भंडार 10 सितंबर गुरूवार चतुर्दशी को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थिति में खोला गया। मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारीदास वैष्णव ने बताया कि गुरुवार को प्रथम चरण में हुई भंडार गिनती से 7 करोड़ 53 लाख 60 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए।

- भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, मंदिर बोर्ड सदस्य पवन तिवारी, किशन लाल अहीर, रामलाल गुर्जर आदि शामिल थे

उन्होंने बताया कि भंडार की शेष रही राशि एवं भंडार से निकले सोने चांदी का तोल होना बाकी है। मंदिर कार्यालय में विभिन्न भक्तों द्वारा भेंट किए गए सोने चांदी का तोल एवं भक्तों द्वारा भेंट रूपयों की गणना होना भी शेष है।

शेष भंडार राशि की गिनती 14 सितंबर सोमवार को दूसरे चरण में की जाएगी। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, मंदिर बोर्ड सदस्य पवन तिवारी, किशन लाल अहीर, रामलाल गुर्जर, हरिराम गाडरी, प्रशासनिक अधिकारी राहुल धाकड़, राजेंद्र सिंह, लेखाधिकारी रामसिंह गुर्जर, मंदिर व संपदा प्रभारी भेरूगिरी गोस्वामी, कालू लाल तेली, मनोहर लाल शर्मा, भेरुलाल गुर्जर सहित मंदिर एवं बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता के खिलाफ पत्रावली में अमर्यादित भाषा का उपयोग

**जोधपुर**, (कासं)। राज्य उपभोक्ता आयोग ने अपने निर्णय में जिला आयोग को चेताया है कि वरिष्ठ अधिवक्ता के खिलाफ पत्रावली में अमर्यादित भाषा का उपयोग किया जाना आपत्तिजनक,अनुचित एवं प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला है सो भविष्य में ख्याल रखें।

आयोग अध्यक्ष देवेंद्र कच्छवाहा, न्यायिक सदस्य उर्मिला वर्मा और सदस्य लियाकत अली ने परिवादी की अपील मंजूर करते हुए यह व्यवस्था दी है कि परिवाद के दाखिल किए जाने की तारीख से दावा राशि पर ब्याज दिलाए जाने का आज्ञात्मक प्रावधान है सो बीमा कंपनी अपीलार्थी को दावा राशि 1 लाख 7 हजार 649 रुपए मय 10 मई 2023 से 7 फीसदी ब्याज,15 हजार रुपए हरजाना और पांच हजार रुपए वाद व्यय 45 दिन में अदा करें अन्यथा नौ फीसदी ब्याज अदा करना होगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल सिंघवी ने अधिवक्ता अनिल भंडारी के माध्यम से अपील दायर कर कहा कि जिला आयोग के समक्ष पेश हलफनामे में बीमा कंपनी ने परिवादी के वास्ते अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया,लेकिन जिला आयोग के समक्ष आपत्ति दर्ज कराए जाने के बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं की और पूर्व में बिलावजह परिवाद ही खारिज कर दिया। अपील में चुनौती दिए जाने पर जिला आयोग का आदेश रद्द कर जिला आयोग को मामला वापिस सुनने का आदेश दिया,तो उन्होंने स्वास्थ्य बीमा विनियम 2016 में दिए गए प्रावधान के बावजूद ब्याज नहीं दिलाया। अधिवक्ता भंडारी ने बहस करते हुए कहा कि पत्रावली में वरिष्ठ अधिवक्ता के वास्ते अमर्यादित भाषा

- आयोग अध्यक्ष ने परिवादी की अपील मंजूर करते हुए परिवाद की तारीख से दावा राशि पर ब्याज दिलाए जाने का आज्ञात्मक प्रावधान है सो बीमा कंपनी अपीलार्थी को दावा राशि 1 लाख 7 हजार 649 रुपए मय फीसदी ब्याज दे

का प्रयोग शर्मनाक है और जिला आयोग ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लेकर तथा जानबूझकर दावा राशि पर ब्याज नहीं दिलाकर गलत किया है।

राज्य उपभोक्ता आयोग ने अपील मंजूर करते हुए परिवाद पत्रावली में वरिष्ठ अधिवक्ता के खिलाफ अमर्यादित भाषा इस्तेमाल किए जाने को आपत्तिजनक, अनुचित और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है सो जिला आयोग को हिदायत दी जाती है कि भविष्य में इसका ख्याल रखें।

उन्होंने स्वास्थ्य बीमा विनियम में प्रावधान होने के बावजूद जिला आयोग द्वारा ब्याज नहीं दिलाने को गलत करार दिया है और अपीलार्थी को दावा राशि 1 लाख 7 हजार 649 रुपए मय 7 फीसदी ब्याज 10 मई 2023 से और 15 हजार रुपए हरजाना तथा परिवाद व्यय पांच हजार रुपए 45 दिन में अदा करने का यूनिवर्सल सौंपो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को आदेश दिया,अन्यथा 9 फीसदी ब्याज देना होगा।

## जोधपुर में प्रत्याशियों ने डोर टू डोर संपर्क कर समर्थन मांगा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर निगम निगम चुनाव का भौंपू प्रचार बुधवार की शाम पांच बजे खत्म हो गया। इसके बाद कांग्रेस और भाजपा के नेताओं ने आज डोर टू डोर प्रचार की कमान संभालने के साथ कमजोर नजर आ रहे प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार किया।

इस दौरान दोनो ही पार्टियों के नेताओं ने खांचा पोलटिक्स भी की और रूठे हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं से समझाईश कर पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करवाने की समझाइश भी की। क्योकि ऊपरी तोर पर कांग्रेस भाजपा दोनों ही बोर्ड बनाने के दावे कर रही है और इसकी वजह भी है कि कांग्रेस जहां जनता को बेहाल शहर की जानकारी देकर अपने पक्ष में मतदान करने को उकसा रही है तो ढाई साल से दो इंजन की सरकार भी येन केन प्रकरेण स्थानीय निकाय के डिब्बे अपने दो इंजन की सरकार में जोडऩे की कवायद में जुटी हुई है।

इस बार के निगम चुनाव में 100 वार्ड बनाकर चुनाव कराये जा रहे है। दोनों ही पार्टियों के उम्मीदवार 100 वार्ड में है। टिकट वितरण में हुई भाई भतीजावाद और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के चलते दोनों ही पार्टियों के कई उम्मीदवारों को विरोधी पार्टी के प्रत्याशी की बजाए अपनो की कार सेवा के चलते हार का सामान करने की ंचिता है।

**गजेंद्र शेखावत सहित बड़े नेताओं ने संभाला मोर्चा** : भाजपा की ओर से जहां पर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, केबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, शहर विधायक अतुल भंसाली, सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी और कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा पूर्व विधायक मनीषा पंवार ने मोर्चा संभाल रखा है कि पार्टी का डेमेज खत्म कर प्रत्याश्रियों की जीत सुनिश्चित की जाएं।

**बागियों को दिखाया बाहर का रास्ता** : कांग्रेस और भाजपा ने नाम वापसी तक भी कई बागियों को बैठाने में सफल रहे और बाद में नहीं बैठने वालों को समझाइश भी की और कांग्रेस ने तो बकायदा अनुशासनात्मक कार्यवाही तक करते हुए पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ खड़े होने और विरोध करने वालों को पार्टी से बाहर का रास्ता भी दिखा दिया है।

## भारतीय वायु सेना का ड्रोनथॉन 14 से

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय वायु सेना ड्रोनथॉन-2026 का आयोजन 14 से 16 सितंबर 2026 तक जैसलमेर के पोकरण रेंज में आयोजित किया जाएगा। इसमें स्थिर प्रदर्शन और लाइव प्रदर्शन शामिल होंगे।

- जैसलमेर के पोकरण रेंज में आयोजित किया जाएगा।

जिसका उद्देश्य घरेलू निर्माताओं को मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) और मानवरहित हवाई प्रणालियों की प्रतिकार (सीयूएएस) में अपनी क्षमताओं और प्रगति को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। इस आयोजन का उद्देश्य हितधारकों को उभरती हुई ड्रोन और काउंटर ड्रोन प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ उनके परिचालन प्रदर्शन को देखने और आपसी ज्ञानवर्धन को बढ़ावा देने में सहायता करना है।

यह आयोजन इससे समकालीन समाधानों की पहचान करने और उनकी युद्ध प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी। प्रमुख फोकस क्षेत्रों में निगरानी और टोही, ऑटोनोमस ऑपरेशन, समूह प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक युद्धकला शामिल हैं।

आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप, ड्रोनथॉन-2026 का उद्देश्य उद्योग विशेषज्ञों, स्टार्टअप्स और नवप्रवर्तकों को एकीकृत करके स्वदेशी रक्षा प्रणाली को मजबूत करना है। इन पहलों के माध्यम से, भारतीय वायु सेना तेजी से बदलते प्राचालनगत परिवेश में सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में सक्षम, प्रौद्योगिकीय रूप से उन्नत, स्वदेशी और भविष्य के लिए तैयार बल के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

## बाडमेर नगर परिषद में 81.57 फीसदी मतदान

**बाड़मेर**, (निसं)। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण के तहत बुधवार को बाडमेर नगर परिषद के 55 वार्डों में मतदान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक चले मतदान में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

जिला प्रशासन के अनुसार बाडमेर नगर परिषद क्षेत्र में कुल 63 हजार 78 मतदाताओं में से 51 हजार 454 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे कुल मतदान प्रतिशत 81.57 फीसदी रहा। कुल 68 मतदान बूथ बनाए गए थे। इनमें 32 बूथ संवेदनशील तथा 20 बूथ अति संवेदनशील घोषित किए गए थे। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए ।

## जैसलमेर में संभावित पार्षदों को अज्ञातवास की तैयारी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। नगर परिषद चुनाव के मतदान के बाद अब सभापति पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। संभावित रूप से निर्वाचित पार्षदों को अज्ञातवास पर ले जाने की चर्चाओं के बीच राजनीतिक गलियारों में एक अहम सवाल उठ रहा है कि अज्ञातवास के दौरान पार्षदों के बाहर मौजूद रिश्तेदारों और समर्थकों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण रहेगी।

मतदान के बाद भाजपा-कांग्रेस ने पार्षद प्रत्याशियों को एक स्थान पर तलब कर अज्ञातवास पर ले जाने की कार्यवाही शुरु कर दी है। मतदान समाप्त होने से एक घंटे पहले ही दोनों दलों के नेताओं ने विशेष संदेशवाहक भेजकर सभी प्रत्याशियों को एक जगह पर बुला लिया है। संभवतः रात को ही पार्षदों को अज्ञातवास पर ले जाया जा सकता है।

वैसे तो मतगणना के बाद निर्वाचित पार्षदों के वोट सभापति चुनाव में पड़ेंगे। लेकिन पिछले सभापति चुनावों के अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए पार्षदों की खरीद-फरोख्त से बचने के लिए पार्टी ने एहतियात के तौर पर यह कदम उठाने जा रही है।

पार्षद प्रत्याशियों को अज्ञातवास पर ले जाने की कवायद कितनी सफल होगी, यह महिला प्रत्याशियों पर टिकी है। महिला प्रत्याशियों को अज्ञातवास पर ले जाने में कई व्यवहारिक कठिनाईयां आ रही है। कुछ पुरुष जिनकी जीत की संभावनाएं नहीं है, वे भी अज्ञातवास में जाने से कतरा रहे हैं।

नगरपरिषद पार्षदों के निर्वाचन के लिए हुए मतदान के दौरान भाजपा-कांग्रेस को एक दूसरे के अलावा स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशियों से भी कड़ी चुनौती मिली है। 8-10 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवार पार्टी प्रत्याशियों के सामने अंत तक मजबूती से डटे रहे हैं। मतदान की पूर्व रात्रि को भी उन्हें डमी बनाने के भरपूर प्रयास हुए लेकिन स्वतंत्र उम्मीदवारों ने मैदान नहीं छोड़ा।

जैसलमेर में पूर्व में सभापति के चुनाव के दौरान भी पार्षदों के रिश्तेदारों के माध्यम से समर्थन को लेकर राजनीतिक चर्चाएं हुई थीं। उस समय परिवार और रिश्तेदारों के स्तर पर होने वाले संपर्कों को चुनावी समीकरणों का एक हिस्सा माना गया था। इसी पुराने अनुभव के कारण इस बार भी अज्ञातवास के साथ-साथ बाहर होने वाली राजनीतिक बातचीत पर नजर रहने की संभावना है।

राजनीतिक चर्चाओं में यह सवाल उठाया जा रहा है कि यदि अज्ञातवास में गए किसी पार्षद के रिश्तेदार की ओर से किसी संभावित सभापति प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन का आश्वासन दिया जाता है, तो क्या इससे संबंधित राजनीतिक खेमे को कोई संकेत मिल सकता है? हालांकि, किसी रिश्तेदार की बातचीत या आश्वासन को संबंधित पार्षद के अंतिम निर्णय का प्रमाण नहीं माना जा सकता। अज्ञातवास की रणनीति का उद्देश्य निर्वाचित पार्षदों को बाहरी राजनीतिक प्रभाव और अनावश्यक संपर्क से दूर रखना माना जाता है। ऐसे में चुनाव के बाद बनने वाले राजनीतिक समीकरणों में पार्षदों के साथ-साथ उनके समर्थकों और परिजनों की गतिविधियां भी चर्चा का विषय बन सकती हैं।

फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से इस प्रकार के किसी निश्चित समझौते या समर्थन का आधिकारिक रूप से सामने आना बाकी है। इसलिए राजनीतिक हलकों में चल रही इन चर्चाओं को फिलहाल संभावित रणनीति और चुनावी अटकलों के रूप में ही देखा जाना उचित होगा। 14 सितंबर को मतगणना के बाद संख्या बल स्पष्ट होगा। इसके बाद सभापति पद के लिए वास्तविक राजनीतिक तस्वीर सामने आएगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि अज्ञातवास की रणनीति कितनी प्रभावी साबित होती है और क्या बाहर रहने वाले रिश्तेदारों एवं समर्थकों के संपर्क चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर पाते हैं।

## 3.28 ग्राम स्मैक सहित दो भाई गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लूणी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 52.66 ग्राम एमडी और 3.28 ग्राम स्मैक जब्त की है। पुलिस ने मादक पदार्थों के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी भाई है।

पुलिस के अनुसार सुभद्रा माता मंदिर के मुख्य द्वार के सामने फिंच रोड पर नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। मोटरसाइकिल चालक फिंच निवासी राकेश पुत्र पप्पाराम के कब्जे से 3.28 ग्राम स्मैक बरामद हुई। वहीं मोटरसाइकिल की पिछली सीट पर बैठे उसके भाई अशोक के कब्जे से 52.66 ग्राम एमडी बरामद की गई।

## फर्जीवाडे के मामले में अभियुक्त विपिन कोठारी गिरफ्तार

- अब तक हो चुके है 9 गिरफ्तार
- भूखंडों के लेन.देन से जुडे तथ्यों की जांच की जा रही है

**उदयपुर**, (कासं)। नगर निगम उदयपुर के भूखंडों से जुडे कथित फर्जीवाडे के मामले में एसओजी ने वांछित अभियुक्त विपिन कोठारी को गिरफ्तार किया है। एसओजी के अनुसार वर्ष 2004 में नगर विकास प्रन्यास (यूआईटी) उदयपुर से नगर निगम को हस्तांतरित भूखंडों में खाली एवं निरस्त भूखंडों के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उनके आधार पर नगर निगम से लीज डीड जारी करवाने का मामला सामने आया था।

मामले में पुलिस थाना सूरजपोल में प्रकरण संख्या 97/2॰22 दर्ज किया गया था। इसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 420,467,468,471 और 12॰बी के तहत अनुसंधान किया गया। एसओजी के मुताबिक अनुसंधान में सामने आया कि अभियुक्त विपिन कोठारी ने सहआरोपी विक्रम कुमार ताकडयिा,नितेश कोठारी, हेमलता कांकरिया,राकेश सोलंकी उर्फ बुक्का,निर्मल टेलर उर्फ गोपाल, भागीरथ गायरी,दीपक कुमावत,दीपक सिंह चौहान और राजदीप सिंह के साथ मिलकर कई भूखंडों के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए। आरोप है कि कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर नगर निगम उदयपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कथित मिलीभगत कर भूखंडों की लीज डीड जारी करवाई गई। एसओजी के अनुसार.इन भूखंडों के संबंध में स्वयं के नाम मुख्तियारनामा आम का निष्पादन करवाने के बाद उन्हें आगे विक्रय भी किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस एसओजी भुवन भूषण यादव के सुपरविजन एवं निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक एसओजी कुन्दन कंवरिया के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसओजी यूनिट उदयपुर मुकेश कुमार सोनी की टीम ने प्रकरण में वांछित विपिन कोठारी की लगातार तलाश के बाद उसे दस्तयाब कर गिरफ्तार किया।एसओजी से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 15 सितंबर 2026 तक पुलिस रिमांड प्राप्त हुआ है। एसओजी द्वारा उससे पूछताछ कर मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने,लीज डीड जारी करवाने और भूखंडों के लेन.देन से जुडे तथ्यों की जांच की जा रही है। एसओजी के मुताबिक इस प्रकरण में विपिन कोठारी सहित अब तक कुल 9 अभियुक्त गिरफ्तार किए जा चुके हैं। मामले में अन्य संभावित संलिप्त आरोपियों और भूखंडों से जुडे पूरे नेटवर्क के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## सीने में दर्द से एएसआई की मौत, चुनाव मोबाइल पार्टी में लगी थी ड्यूटी

### साथी पुलिसकर्मी उपचार के लिये निजि अस्पताल ले गये जहां उपचार के दौरान दम तोड़ दिया

**कोटा**, (निसं)। नगर निगम चुनाव में मोबाईल पार्टी पर ड्यूटी पर तैनात आरकेपुरम् थाने के एएसआई राधेश्याम को गुरूवार को अचानक सीने में दर्द उठा, जिस पर साथी पुलिसकर्मी उन्हे उपचार के लिये कोटा के निजि अस्पताल ले गये जहां एएसआई ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एएसआई राधेश्याम सांखला की चुनाव में ड्यूटी मोबाईल पार्टी में लगाई गई थी। चुनाव ड्यूटी के बीच हुई इस घटना से पुलिसकर्मीयों में भी शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार एएसआई राधेश्याम सांखला को ड्यूटी के दौरान अचानक घबराहट हुई और सीने मे दर्द उठा। एएसआई की अचानक से तबियत बिगड़ती देख साथी पुलिसकर्मी तत्काल उन्हे उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान एएसआई राधेश्याम सांखला ने दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढ ांढ स बंधाया। जानकारी के अनुसार एएसआई राधेश्याम सांखला ने चम्बल नदी व नहर में डुब रहे कुछ जनो की जान बचाई थी, जिसके लिये उन्हे गैलेंट्री अवार्ड भी दिया गया था। आरकेपुरम् थानाधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि आरकेपुरम थाने मे तैनात एएसआई राधेश्याम सांखला (52) ड्यूटी पर थे कि



एएसआई राधेश्याम सांखला

अचानक से उन्हे सीने में दर्द की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान एएआई की मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि एएसआई राधेश्याम सांखला की चुनाव पुलिस मोबाईल पार्टी में ड्यूटी थी, प्रथम दृष्टा से मौत का कारण हार्ट अटैक सामने आया है।